>

Title: Need to establish a Resource and Training Centre at Sewagram, Maharashtra for promotion of village & cottage industry and handicrafts.

श्री रामदास तडस (वर्धा): माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा के महत्त्वपूर्ण विषय पर आकृष्ट करते हुए, मुझे कहना है कि सेवाग्राम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों को स्वीकार करके ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग एवं हस्त कला को बढ़ावा देने हेतु संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करने हेतु वर्ष 2015 में महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन इस प्रस्ताव पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जबकि स्वरोजगार सृजन की यह एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है । सरकार को इस प्रस्ताव पर ध्यान देने की जरूरत है, जिससे ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार का सृजन होगा ।

माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की कर्मभूमि सेवाग्राम में ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग एवं हस्त कला को बढ़ावा देने हेतु संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करने हेतु उचित कार्यवाही करें ।